भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1294
उत्तर देने की तारीख 14.12.2023

महामहम उत्सव के लिए निधि

1294. श्री एस. कल्याणसुन्दरम :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की दक्षिण भारतीय कुंभ मेला माने जाने वाले कुंभकोणम में महामहम उत्सव के लिए विशेष धनराशि आवंटित करने की कोई योजना है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) यदि नहीं, तो कुंभ मेले, काशी एवं उज्जैन कॉरिडोर की तरह महामहम उत्सव को महत्व न दिये जाने के क्या कारण हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(जी. किशन रेड्डी)

(क): ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख) सरकार देश के विभिन्न भागों में मनाए जाने वाले विविध महोत्सवों के सामाजिक-सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक सहायता प्रदान करती रही है। मंत्रालय अपने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (जेडसीसी) के माध्यम से विविध महोत्सवों जैसे कि ऑक्टेव-पूर्वोत्तर का महोत्सव, शिल्पग्राम, ऑरेंज सिटी क्राफ्ट मेला आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है।

*****